शोध मंथन Vol. XV No.I Jan.-Mar.2024 ISSN: (P) 0976-5255 (e) 2454-339X
Available at: *http:/shodhmanthan.anubooks.com*

# फोटोग्राफी की विज्ञापन में योगदान तथा विज्ञापन का आधुनिक जीवन में पड़ने वाला प्रभाव

प्राप्तिः 17.03.2024
स्वीकृतः 25.03.2024

25

**डॉ० ओम प्रकाश मिश्रा**
प्राचार्य
एम०आई०एम०टी०, देहरादून (उत्तराखण्ड)
ईमेलः *mishraop200@gmail.com*

**नीलकमल सक्सेना**
शोधार्थी
ललित कला विभाग
एम०आई०एम०टी०, देहरादून (उत्तराखण्ड)
ईमेलः *neelkamalsaxena279@gmail.com*

***सारांश***

*कला के विभिन्न संदर्भों पर विचार करते हुए यह दृष्टिगत होता है की विज्ञान के विभिन अविष्कारों ने कला जगत में अनेक परिवर्तनों को जन्म दिया जिसका सर्वोत्तम स्वरूप विज्ञापन कला है। यह मूल रूप से किसी संसथान और वास्तु बिशेष के विज्ञापन का समर्थन करती है जो मानव मनोविज्ञान के अनुसार ही अपनी नीतिया और कार्यप्रणाली निश्चित करती है जिसमे फोटोग्राफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह विज्ञान और विज्ञापन का कलात्मक संयोग समाज और ब्यक्ति जीवन शैली और विचार में अनेक परिवर्तन ले आती है।*

***मुख्य बिन्दु***

*विज्ञापन, समाज, फोटोग्राफी, कला, कलाकार, इत्यादि।*



फोटोग्राफी की विज्ञापन में क्या भूमिका है यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। वास्तव में फोटोग्राफी वाला विज्ञापन उपभोक्ताओं की आखों और ध्यान को अपनी ओर आकर्षित करता है। फोटोग्राफी एक ब्रांड छवि और एक ऐसा वातावरण बनाती है जो उपभोक्ताओं को आश्वस्त करती है कि उन्हें इसका हिस्सा बनने की जरूरत है। मार्केटिंग की दुनिया में दृश्य की बहुत भूमिका होती है।

किसी विज्ञापन में चित्र जोड़ने देने से उपभोक्ता की याददाश्त में 65 प्रतिशत तक सुधार हो सकता है एक मजबूत विज्ञापन अभियान चलाने के लिये चित्र की सहायता ली जाती है जो फोटोग्राफी के माध्यम से आसानी से सम्भव है। उपभोक्ताओं को प्रतिदिन हजारों विज्ञापन दिखाये जाते हैं जिनमें जो आकर्षित चित्रों वाले विज्ञापन होते हैं वह उपभोक्ताओं को याद रह जाते हैं।

एक पुरानी कहावत है एक तस्वीर हजारों शब्दों के बराबर होती है मनमोहक छवियों के प्रयोग के बिना आप उत्पाद को खरीदने के बात ही छोडिये उपभोक्ताओं को एक वाक्य के माध्यम से अपनी बात को समझाने में भी कठिनाई होगी।

विज्ञापन फोटोग्राफर के पास उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें खीचने का कैमरा कौशल होता है खास बात यह है कि फोटोग्राफर आपके स्वाद और प्राथमिकताओं को समझता है विशेषतौर पर यह संदेश जो आप प्रचार के माध्यम से फैलाना चाहते है।

दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में दृश्य साम्रगी तेजी से गहत्वपूर्ण हो गयी है हम उस कलात्मकता और तकनीक का प्रयोग करते हैं जो सही शॉट कैप्चर करने में जाता है और कैसे प्रकाश व्यवस्था, रचना और दृश्य कहानी को दर्शाते हैं जो दर्शकों को पसन्द आ जाते हैं। हम उत्पाद और फैशन से लेकर भोजन और जीवन शैली तक विभिन्न प्रकार की विज्ञापन फोटोग्राफी का प्रयोग आज के विज्ञापनों में देखते हैं।

डिजीटल परिदृश्य में भी विज्ञापन फोटोग्राफी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है जो इकॉमर्स ऑनलाईन प्लेटफार्म उपभोक्ताओं पर हावी हैं। आकर्षित छवियां व फोटो ऑन लाईन बिक्री को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं और ब्रांड की विश्वासनीयता स्थापित करते हैं। विज्ञापन में फोटोग्राफी उच्च तकनीक व प्रभाव पूर्ण तरीके से की जाती है तथा छवियों को विशेष ऐंगल और छायाकन के साथ कैप्चर किया जाता है। दर्शकों को प्रभावित करने के लिए इन छवियों का सावधानी पूर्वक चुनाव किया जाता है और विज्ञापन में प्रकाशित किया जाता है ताकि वह अमुक उत्पाद या सूचना के मुख्य बिन्दुओं को उजागर कर सके। विज्ञापन फोटोग्राफर आकर्षक छवियां बनाने के लिए प्रकाश व्यवस्था, सरचना, प्राप्स और मॉडल सहित अनेकों तकनीकों का प्रयोग करते हैं। और चित्र को सर्वश्रेष्ठ आयाम प्रदान करने कापूरा प्रयास रखते हैं। विज्ञापन के क्षेत्र में फोटोग्राफी कई प्रकार से की जाती है जैसे उत्पाद फोटोग्राफी, फैशन फोटोग्राफी, खाद्य व पेय फोटोग्राफी, लाईफस्टाइल फोटोग्राफी, रियल स्टेट फोटोग्राफी आदि।

इस प्रकार विज्ञापन के क्षेत्र में फोटोग्राफी महत्वपूर्ण स्थान रखती है तथा उच्च गुणवत्ता और सुसंगत उत्पाद छवियां संभावित ग्राहकों का ध्यान तुरन्त आकर्षित करती हैं और आगे की सहभागिता को प्रोत्साहित करती हैं।

विज्ञापन फोटोग्राफी सूचना का सबसे सरल तरीका है। यदि आप अपने उत्पादों और सेवाओं को बेचने के लिये केवल और केवल लिखित प्रति पर निर्भर होते हैं तो यह शायद उतना असरकारी नहीं होगा जितना कि एक चित्र या फोटो वाला संदेश। इसको इस प्रकार से सोचें कि विज्ञापन फोटोग्राफी आपके उपभोक्ताओं के दृष्टि केन्द्रित बिन्दु होती है, जिसके माध्यम से एक रस्ता चलता व्यक्ति भी बस एक क्लिक को देखकर रूकता है तथा पूरा संदेश या विज्ञापन को देखने के लिये बाध्य होता है। न्यूजपेपर या मैगजीन में जब हम पढ़ते हैं तो हमारा ध्यान आकर्षित छवि या चित्र जैसे ही दिखते हैं, हमारा ध्यान उसकी तरफ आकर्षित हो जाता है। तथा कई बार केवल चित्र या फोटो को ही देखकर पूरे संदेश को समझा जा सकता है, पढ़ने की आवश्यकता तक नहीं होती है। इस प्रकार हम समझ सकते हैं कि विज्ञापन में चित्र की कितनी अहम भूमिका होती है तथा ये चित्र अच्छी फोटोग्राफी के माध्यम से सम्भव हो पाते हैं। एक पेशेवर विज्ञापन फोटोग्राफर आपके ब्रांड का जीवन से भी बड़ा चित्रण करता है। ये फोटोग्राफर अपने चित्र में उन गुणों को भी सामने ले आते हैं, जो सम्भावित ग्राहकों को यह भरोसा दिलाते हैं कि उन्हें उस उत्पाद की वास्तव में आवश्यकता है। तथा उन्हें यह भरोसा हो जाता है कि उनके उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाले हैं।

आजकल की भागती दौड़ती जिन्दगी में लोगों के पास इतना समय नहीं होता है किवह किसी संदेश को विस्तार से रूककर पढ़ सके। इसके चलते वह बहुत सी काम की चीजों व जानकारियों को भी मिस कर जाते हैं। लेकिन यह कार्य चित्र के माध्यम से बड़ी आसानी से पूरा किया जा सकता है। एक आकर्षक व अर्थपूर्ण चित्रण लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है, तथा पूर्ण संदेश को पढ़ने के लिये बाध्य करता है दर्शक को।

आज का युग सोशल मीडिया का युग है। तथा यह युग में एक शानदार व उच्च गुणवत्ता वाली छवि आपको आपके उत्पाद को भीड़ से अलग करती है। इसके लिये एक ऐसे फोटोग्राफर का चुनाव करें जो अच्छी तस्वीरें बनाता हो और सोशल मीडिया पर एक मजबूत उपस्थिति बनाना शुरू करे। इसके आपको नये ग्राहकों को आकर्षित करने का मौका मिलेगा और अपना व्यवसाय को और अधिक बढ़ाने में मदद मिलेगी। आपके उत्पाद की जो महत्वपूर्ण छवियाँ होगी उनका उपयोग आप मार्केटिंग में भी करेंगे। आपको अपने उत्पादों को सर्वोत्तम रोशनी में प्रदर्शित करना चाहिये ताकि लोगों को यह पूर्ण रूप से स्पष्ट हो सके कि वह क्या खरीद रहे हैं तथा क्या यह उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये उपयुक्त है भी के नहीं। फोटोग्राफी का उपयोग ना केवल उत्पाद के लिये अपितु जीवनशैली शार्ट्स के लिये भी किया जाता है इससे ग्राहकों को यह कल्पना करने में मदद मिल जाती है कि इन उत्पादों का प्रयोग दैनिक जीवन किस प्रकार किया जा सकता है। इस प्रकार मार्केटिंग और विज्ञापन के क्षेत्र में फोटोग्राफी का उपयोग ध्यान आकर्षित करना व समांभित ग्राहकों का विश्वास बनाने का शानदार तरीका है। उच्च गुणवत्ता वाली छवियाँ आपके ब्रांड को सही रूप से प्रतिनिधित्व करती है तथा आपके ब्रांड के व्यक्तित्व और मूल्यों को सटीक रूप से दर्शाती है।



विज्ञापन आधुनिक समाज में बहुत बढ़ी व्यापारिक शक्ति की तरह कार्य करता है जो किसी उत्पाद (वस्तु) को बेचने में बहुत बड़ा योगदान या सहायता करता है। यह बिल्कुल भी अनिवार्य नहीं है कि विज्ञापन किसी वस्तु को बेचने के उददेश्य से ही किया जाये बल्कि वह किसी कर्मचारी या जनहित के किसी कार्य के लिये भी हो सकता है।

विज्ञापन की भाषा बड़ी आकर्षक व उद्देश्यपरक होती है जिसमें किसी उत्पाद की छवि को विशेष तौर पर उपभोक्ता के मन मस्तिष्क पर बनाने का प्रयास किया जाता है। अगर यदि किसी वस्त्र का विज्ञापन किया जाता है तो उसमें विभिन्न प्रकार की सुन्दरियों को उपयोग करते हुए उस वस्त्र को दिखाया जाताहै। वास्तव में परिधान व्यवसाय तो सुन्दरियों के सहारे ही आगे बढ़ता है।

विज्ञापन दाता अपने उत्पाद के विज्ञापन के लिए भिन्न–भिन्न खिलाड़ियों और अभिनेताओं से अपने विज्ञापन में अभिनय कराते हैं तथा वह कारगर भी साबित होता है। विज्ञापन अपने उपभोक्ताओं को एक उत्पाद के बारे में जागरूक करने में मदद करता है तथा इसका उददेश्य अपने प्रतिस्पर्धी पर उस उत्पाद के लिए प्राथमिकता का निर्माण करना होता है। यदि विज्ञापन उन दो कार्यों में सफल होता है तो उपभोक्ता अपनी अगली खरीदारी करने पर विज्ञापित उत्पाद का चयन करेंगे।

विज्ञापन काफी हद तक लोगों की सोच को प्रभावित करने का कार्य करते हैं। कभी कभी ऐसा हो जाता है कि लोग उस उत्पाद को उस कम्पनी के नाम से ही जानने लगते हैं जैसे वनस्पति घी के स्थान पर लोग डालडा घी के नाम से ही जानते हैं और फोटो कापी को जिराक्स कापी के नाम से ज्यादातर लोग जानते हैं। किसी भी विज्ञापन को देखकर यह हम आसानी से पता लगा सकते हैं कि कौन सी वस्तु बाजार में नयी आयी है। जब नये नये टी०वी० का रंगीनीकरण हुआ तब टी०वी० पर प्रोग्राम कम दिखाये गये विज्ञापन ज्यादा दिखाये गये क्योंकि लोगो को कलर फुल लुभावनने विज्ञापन जल्दी आकर्षित करते थे।

विज्ञापन किसी भी उत्पाद या सेवा के विषय में जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाते है। उदाहरण के लिए आप विज्ञापन से यह पता लगा सकते है कि अगले सप्ताह कौन सी फिल्म आने वाली है। व बाजार में कौन सी नयी कार का मॉडल लॉन्च होने वाला है। विज्ञापन

कम्पनी एक उत्पाद को सारे लोगों को खरीदने के लिये प्रेरित करती है कि लोग ज्यादा से ज्यादा उसको इस्तेमाल करें, अधिक से अधिक लोगों तक उसकी पहुँच हो। विज्ञापन किसी भी व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं यह उत्पादों की विक्री बढाता है, उसकी गुणवत्ता बनाये रखने का कार्य करता है। रोजगार बढ़ाता है तथा हमारी जीवन शैली को बहुत हद तक प्रभावित करता है तथा योग्यताओं को बढ़ावा देता है।

विज्ञापन समाज की उन्नति में सहायक के तौर पर कार्य करता है। आज का युग विज्ञापन का युग है हम इस प्रकार भी कह सकते हैं। किसी भी विज्ञापन का मुख्य कार्य अधिक बेचने में सहायता करना होता है तथा उपभोक्ता के मन में अमुक वस्तु की छाप या विश्वास को स्थापित करना होता है तथा बाजार में आयी नयी वस्तु की माँग को बढ़ाना होता है।

विज्ञापन द्वारा लोगों को नयी वस्तु की उपयोगिता एवं जरूरत के अनुरूप होने का विश्वास दिलाना व वस्तु की बिक्री को बढ़ाता है। यदि विक्रय अधिक होगा तो उत्पादन कम्पनी पर अधिक व्यय करेगी और वस्तु की छाप और व्यय इमेज को स्थापित करने में मददगार होगी।

विज्ञापन उपभोक्ताओं को अधिक कार्य करने और अपनी आय बढ़ाने को प्रोत्साहित करते हैं वरना इस प्रकार कह सकते हैं कि विज्ञापन हर प्रकार के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर ऊंचा उठाने का हर सम्भव प्रयास करता है।

विज्ञापन उद्योग धंधों के आवश्यक चीजे जैसे– मशीने, कच्चा माल, श्रमिक शक्ति के लिये आवश्यक माध्यम का कार्य भी करता है। इन सभी चीजों के साथ जो–जो लोग जुड़े होते है, उन सभी के लिए विज्ञापन रोजगार की व्यवस्था करता है। विज्ञापन एजेंसियों से जुड़े सभी लोगों की आजिविका का साधनहै। विज्ञापन कार्य के साथ–2 एक और महत्वपूर्ण पक्षमार्केटिंग भी साथ–2 चलता है। बिना मार्केटिंग विज्ञापन कार्य को सुचारू रूप से चलाना सम्भव नहीं है। इन सभी चीजों के लिये नियम योजना व कम्प्यूटर तकनीकों की भी आवश्यकता होती है।

वास्तव में आज के युग में विज्ञापन एक महत्वपूर्ण रोजगार की तरह कार्य करता है, क्योंकि इसका उद्देश्य वस्तुओं और सेवाओं का निरन्तर उत्पादन करना व समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति करके लाभ कमाना होता है। व्यवसाय की तरह विज्ञापन भी समाज की व लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को समझकर उन चीजों को बाजार में उपलब्ध कराने की कोशिश करता है जिससे लोगों को उनकी आवश्यकता की वस्तु सरलता से प्राप्त हो जाती है तथा इस इस सभी कार्यों के लिये निर्माता विज्ञापन एजेंसियों से सेवाएँ प्राप्त करता है। एजेंसियाँ पैसे लेकर उस कार्य का निष्पादन करती है, तथा इस कार्य में अनेक लोगों व डिपार्टमेंट का सहयोग रहता है। और वे सभी एक प्रकार की सेवायें अदा करके अपना श्रमिक प्राप्त करते हैं। विज्ञापन कम्पनी से इस प्रकार कह सकते हैं कि विज्ञापन लोगों के लिये व्यवसाय की व्यवस्था भी करता है।

विज्ञापन मानव के जीवन स्तर को ऊचाँ उठाने का कार्य भी करता है। आजकल नये–2 उत्पाद बाजार में आते रहते हैं, उन सबकी जानकारी विज्ञापन के माध्यम से ही लोगों को आसानी से हो पाती है। कार, स्कूटर, साईकिल, टी.वी. रेडियो, मोबाईल फोन, लैपटॉप आदि की जानकारी सभी विज्ञापन के माध्यम से ही हो पाती है।

ये सभी चीजें मानव के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, तथा उसके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का कार्य करती है, उसकी हैसियत का प्रतीक बनाकर उसको खरीदने के लिये प्रोत्साहित करती है।

विज्ञापन के जरिये ही नयी वस्तु के उपयोग, गुणवत्ता व होने वाले लाभ की जानकारी लोगों को हो पाती है, जिससे उस वस्तु की बिक्री बढ़ती है। इसके परिणामस्वरूप निर्माता नयी वस्तु का निर्माण करने को प्रोत्साहित होता है। इस कार्य को विज्ञापन की माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। विज्ञापन जल्दी से जल्दी नये उत्पादों को बाजार में उपलब्ध कराता है जिससे लोगों का जीवन स्तर प्रभावित होता है।

उपभोक्ता कोई वस्तु खरीदने जब बाजार पहुँचता है तब उसे एक ही तरह की विभिन्न वस्तुयें मिलती हैं जिसमें से वह एक विशेष ब्रांड की माँग विक्रेता से करता है क्योंकि वह उस ब्राण्ड पर पूर्ण रूप से विश्वास करता है, और वह वस्तु उसकी आवश्यकता के अनुरूप है। उपभोक्ता का ब्राण्ड के प्रति यह भी विज्ञापन के कारण ही स्थापित होता है।

इस प्रकार विज्ञापन का आधुनिक जीवन स्तर को ऊपर उठाने में हर प्रकार से योगदान रहता है तथा आज के युग को विज्ञापन का युग भी कह सकते हैं।

**सन्दर्भ**

1. https://caseytempleton.com/blog/role-of-photography-advertising/
2. https://www.colormatics.com/
3. https://g.co/kgs/DDdHS6j
4. https://www.drishtiias.com
5. https://hi.quora.com
6. https://brainly.in/question/10102225
7. https://www.hindikunj.com/2021/06/vigyapan-aur-hamara-jeevan-nibandh.html
8. यादव, नरेन्द्र सिंह. विज्ञापन तकनीक एवं सिद्धांत. हिन्दी ग्रन्थ एकेडमी : राजस्थान।
9. यादव, नरेन्द्र सिंह. हिन्दी ग्रन्थ एकेडमी : राजस्थान।